प्रेस नोट 01- दिनांक 08.12.2023
थाना सोहरामऊ ,जनपद उन्नाव।

• देशी शराब में मिलावट करने व हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय हसनगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सोहरामऊ पुलिस द्वारा देशी शराब में मिलावट करने व हत्या के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 05.12.2023 को थाना सोहरामऊ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हिम्मतगढ़ मजरा बिचपरी निवासी 01. हुलासी पुत्र छोटा उम्र करीब 52 वर्ष 02. पृथ्वीपाल पुत्र पतीलाल उम्र करीब 60 वर्ष 03. जयकरन पुत्र पतिलाल उम्र करीब 35 वर्ष ने साथ में शराब पी थी जिसके बाद तीनो की अचानक तबीयत खराब हो गयी। आज दिनांक 07.12.2023 को तीनों को इलाज हेतु ले जाया जा रहा था जहां रास्ते में हुलासी व पृथ्वीपाल उपरोक्त की मृत्यु हो गयी तथा जयकरन उपरोक्त जिला अस्पताल उन्नाव में इलाजरत है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सोहरामऊ पर मु0अ0सं0- 211/2023 धारा- 272/302 भादवि पंजीकृत किया गया तथा प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. राजकुमार पुत्र स्व0 तेजबहादुर सिंह निवासी तुलापुर थाना पीपरपुर जिला अमेठी 2. टिंकल पुत्र उमाशंकर यादव निवासी तेरवा थाना बेहटामुजावर जिला उन्नाव 3. रवि पुत्र वीरभद्र सिंह निवासी एरायां थाना सुल्तानघोष जिला फतेहपुर 4. कृष्णा जायसवाल पुत्र रामसजीवन निवासी माड़ापुर बांगरमऊ थाना एफ-84 जिला उन्नाव को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. राजकुमार पुत्र स्व0 तेजबहादुर सिंह निवासी तुलापुर थाना पीपरपुर जिला अमेठी उम्र 40 वर्ष
2. टिंकल पुत्र उमाशंकर यादव निवासी तेरवा थाना बेहटामुजावर जिला उन्नाव उम्र 22 वर्ष
3. रवि पुत्र वीरभद्र सिंह निवासी एरायां थाना सुल्तानघोष जिला फतेहपुर उम्र 23 वर्ष

4. कृष्णा जायसवाल पुत्र रामसजीवन निवासी माड़ापुर बांगरमऊ थाना एफ-84 जिला उन्नाव उम्र 21 वर्ष

बरामदगी

अभि0 गणो के कब्जे से 15 अदद क्वाटर देशी शराब दीवाना ब्राण्ड एंव 96 अदद बौटल के ढक्कन 01 अदद पेचकस व 01 अदद अनुजा ब्रान्ड रंग की डब्बी बरामद होना।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0 नि0 श्री मो0 असलम थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव।
2. उ0नि0 श्री घरभरन सिंह थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव।
3. हे0का0 जुगराज सिंह थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव।
4. हे0का0 हृदयनारायण थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव।
5. का0 लोकेन्द्र सिंह थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव।
6. का0 आशीष यादव थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव।
7. म0का0 नीतू कुमारी थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव

प्रेस नोट 02- दिनांक 07.12.2023

थाना बिहार ,जनपद उन्नाव।

- **30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्ता गिरफ्तार**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं क्षेत्राधिकारी महोदया बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिहार पुलिस द्वारा एक अभियुक्ता को 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- आज दिनांक 07.12.2023 को उ0नि0 बीरेन्द्र सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा ग्राम ताजकपुर प्राथमिक विद्यालय के पास से अभियुक्ता लक्ष्मी पत्नी राजकुमार उम्र करीब 35 वर्ष नि0 ग्राम नमाखेड़ा थाना बिहार जनपद उन्नाव को अवैध कच्ची शराब परिवहन करते हुए एक प्लास्टिक की बोरी में 02- 02 लीटर के 15 अदद पाउच कुल 30 ली0 कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0स0 258/23 धारा 60(1) Ex Act पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण – लक्ष्मी पत्नी राजकुमार उम्र करीब 35 वर्ष नि0 ग्राम नमाखेड़ा थाना बिहार जनपद उन्नाव

बरामदगी का विवरण- 30 लीटर अवैध कच्ची शराब

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-
1.उ0नि0 बीरेन्द्र सिंह
2.कां0 विनोद कुमार
3.म0कां0 स्नेहलता पटेल

प्रेस नोट 03- दिनांक 07.12.2023
थाना सफीपुर ,जनपद उन्नाव।

• ATM तोड़कर कर चोरी कर रहे अभियुक्त को पुलिस ने मौके से दबोचा

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय सफीपुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सफीपुर पुलिस द्वारा ATM तोड़ कर चोरी कर रहे अभियुक्त को मौके से एक अदद तमंचा 12 बोर मय दो अदद जिंदा कारतूस व एक अदद खुरपी बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- आज दिनांक 07.12.2023 को थाना सफीपुर पुलिस द्वारा बैंक ऑफ बडौदा एटीएम तोड़ने की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंच कर बैंक आफ बडौदा एटीएम को तोड़ रहे अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र गोकरन प्रसाद निवासी ग्राम ककरौरा पोस्ट दरौली थाना सफीपुर जनपद उन्नाव उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जामातलाशी में अभियुक्त के कब्जे से एक अदद खुरपी व एक अदद तमंचा 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर व एटीएम का टूटा हुआ सामान बरामद हुआ । जिसे मौके पर कब्जा पुलिस में लिया गया । उपरोक्त के सम्बन्ध में

थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 359/2023 धारा 380/511/427 भा0द0वि0 व मु0अ0सं0 360/2023 धारा 3/25 A. Act पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण – संदीप कुमार पुत्र गोकरन प्रसाद निवासी ग्राम ककरौरा पोस्ट दरौली थाना सफीपुर जनपद उन्नाव उम्र करीब 21 वर्ष

बरामदगी -एक अदद खुरपी व एक अदद तमंचा 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर व एटीएम का टूटा हुआ सामान बरामद

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

उ0नि0 श्री कल्लूराम यादव

का0 गिरीश कुमार

का0 देवेन्द्र पाल

का0 कुलदीप